प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 07.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में दिल्ली में नक्सल प्रभावित आठ राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक जारी,नक्सल अभियानों और विकास योजनाओं की प्रगति की हो रही है समीक्षा।

2. राज्य की सभी 81 विधानसभा सीटों के लिए भाजपा ने तीन–तीन प्रत्याशियों का पैनल किया तैयार, आज दिल्ली में पार्टी हाईकमान की बैठक के बाद अगले हफ्ते जारी होगी उम्मीदवारों की सूची।

3. झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– विस्तृत घोषणा पत्र जल्द, सरकार बनते ही घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए एनआरसी लागू करने का संकल्प दोहराया।

4. भाजपा ने हेमंत सोरेन सरकार पर भ्रष्टाचारियों और अपराधियों को संरक्षण देने का लगाया आरोप, कांग्रेस का दावा– राज्य में फिर बनेगी इंडी गठबंधन की सरकार।
5. राज्य पर बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असर, मौसम विभाग ने रांची, गुमला और बोकारो समेत राज्य के कई हिस्सों में आज से 11 अक्तूबर तक बारिश का जताया अनुमान।।

****

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ आज नई दिल्ली में समीक्षा बैठक कर रहे हैं। बैठक में आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, तेलंगाना, ओडिशा, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शामिल हैं।

****

भाजपा प्रदेश विधानसभा चुनाव समिति ने राज्य की सभी 81 विधानसभा सीटों के लिए अपने प्रत्याशियों का पैनल तैयार कर लिया है। समिति की बैठक में एक विधानसभा क्षेत्र से तीन नामों को पैनल में शामिल किया गया है। पार्टी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने बताया कि आज दिल्ली में पार्टी हाईकमान के साथ बैठक में इन नामों पर चर्चा की जायेगी। इसके बाद पार्टी संसदीय बोर्ड की बैठक में उम्मीदवारों की सूची पर मुहर लगेगी। श्री सरमा ने कहा कि इस प्रक्रिया में एक हफ्ते का समय लग सकता है।

****

झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि पार्टी का विस्तृत घोषणा पत्र जल्द जारी होगा। रांची में पत्रकारों से बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि राज्य में होने वाला विधानसभा चुनाव भाजपा के लिए सत्ता हासिल करने के लिए नहीं, बल्कि झारखंड को बचाने के लिए है।

श्री चौहान ने यह दोहराया कि बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण राज्य की डेमोग्राफी बदली है। उन्होंने फिर कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही एनआरसी लागू किया जायेगा।

****

भाजपा के वरिष्ठ नेता और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने दावा किया है कि राज्य की जनता ने सत्ता परिवर्तन का मन बना लिया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि भाजपा यह चुनाव राज्य की माटी, बेटी और रोटी की सुरक्षा के लिए लड़ेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य

सरकार ने जनता के सपनो को चकनाचूर कर दिया है और इसे उखाड़ फेंकना भाजपा की प्राथमिकता है।

****

विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस का चुनाव अभियान तेज हो गया है। इस कड़ी में पार्टी कैंपेन कमिटी के अध्यक्ष और पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और बेरमो विधायक अनूप सिंह ने गिरिडीह जिले में आयोजित संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री सहाय ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो के बीच सीटो को लेकर कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन गठबंधन के नेता हैं और आगे भी रहेंगे। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि राज्य में फिर गठबंधन की सरकार बनेगी।

****

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के खिलाफ एक फेक एफआईआर की कॉपी वायरल की गयी है। एफआईआर में मंत्री पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मामला सामने आने के बाद रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि यह मामला पूरी तरह से फर्जी है। उन्होंने कहा कि जिस किसी के द्वारा यह काम किया गया है, उसकी पहचान कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

****

शारदीय नवरात्र का आज पांचवा दिन है। आज के दिन मां दुर्गा के पांचवें स्वरुप स्कन्दमाता की पूजा हो रही है। रांची समेत पूरे राज्य में नवरात्र को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। रांची में कई पूजा पंडाल श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिये गये हैं, जहां भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है। इस बीच प्रशासन ने दुर्गा पूजा को लेकर नौ से 13 अक्तूबर तक शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इस दौरान सुबह आठ बजे से अगले दिन सबेरे चार बजे तक भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है।

****

खूंटी के हितुटोला निवासी युवा किसान पवन स्वांसी ने आपदा को अवसर में बदल कर मिसाल कायम की है।

****

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव का असम झारखंड पर दिख रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आज से 11 अक्तूबर तक राज्य के सभी हिस्सों में बादल छाये रहेंगे और कई स्थानों पर बूंदाबांदी हो सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के प्रभारी निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि रांची के अलावा संताल और कोल्हान के कई जिलों में बारिश हो सकती है।

****